# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/7701
दिनांक: 25.06.2026

अनुस्मारक –1

सेवा में,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम
महाविद्यालय/संस्थान
सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया संकायाध्यक्ष आयुर्वेद एंव यूनानी के पत्र संख्याः 201/एस0के0डी0/शिक्षा/2026–27 दिनांक 21.05.2026 के क्रम में पूर्व में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या कमेटी सेल/7689 दिनांक 10.06.2026 द्वारा अनुरोध किया गया था कि कि आपके महाविद्यालय के बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 की मुख्य/पूरक परीक्षा में सम्मलित होने वाले अर्ह छात्र/छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय को संकायाध्यक्ष के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करे। किन्तु अभी तक आपके महाविद्यालय से संकायाध्यक्ष के माध्यम से कोई भी सूची विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुयी है। आपसे पुनः अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय के बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 की मुख्य/पूरक परीक्षा में सम्मलित होने वाले अर्ह छात्र/छात्राओं की सूची 07 कार्यदिवसों के अन्दर विश्वविद्यालय को संकायाध्यक्ष के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करे। जिससे इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. प्रो0 विनीता त्यागी, संकायाध्यक्ष, बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी महाविद्यालयों को छात्रों की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध करायी गयी छात्रों की सूची में अर्हता की जॉच करते हुए अर्ह छात्रों की सूची यथाशीघ्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक